प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में बचे दो चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज बोकारो में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री सिंह ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीताने की अपील की।

****

जमशेदपुर लोकसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और झामुमो की कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहेंगी।

****

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रांची और गोड्डा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में कल एक जनसभा करेंगी। इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को साहिबगंज लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करने लिट्टिपाड़ा आएंगे। उनका दुमका लोकसभा में भी आने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

****

रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आज मतदाता जागरूकता समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस द्वारा किया गया। इसमें एनएसएस द्वारा चलाये गये मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

****

आकाशवाणी रांची के निदेशक दुर्गा चरण हेम्ब्रम ने 25 मई को रांची में होने वाले मतदान को लेकर आकाशवाणी परिवार रांची से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मतदान करने की अपील की है। श्री हेम्ब्रम ने सभी से कहा कि मतदान आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है इसलिए 25 मई को आप अपने परिवार के साथ बूथ जाकर मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि –चुनाव का पर्व, देश का गर्व है और इसमें सभी मतदाता को वोट देने जरूर जाना चाहिये।

****

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में धनबाद में होने वाले मतदान को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वर्स को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए।

****

पाकुड़ जिले में एक जून को अंतिम चरण में होने वाले मतदान को लेकर मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण के साथ साथ पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसे लेकर मध्य विद्यालय धनुषपूजा, पॉलिटेक्निक कॉलेज और कुमार कालिदास मेमोरियल कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने जरूरी दिशा–निर्देश दिया।

****

उच्चतम न्यायालय में आज जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस मामले में अगली सुनवाई कल होगी। इससे पहले 17 मई को सुनवाई हुई थी। इस दौरान ईडी ने अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

****

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेशमंत्री हुसैन अमीर अब्बदुल्लाहियन की हेलिकॉप्टर हादसे में निधन पर आज झारखंड में एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की गयी है। झारखंड सरकार की ओर से आदेश जारी किया गया है कि राज्य के वैसे सभी भवन जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं वहां राष्ट्रीय ध्वज आज आधे झुके रहेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी नई दिल्ली में राजघाट स्थित राजीव गांधी के समाधि–स्थल वीर भूमि पर श्रद्धांजलि दी।

****

भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शुरुआत बेल्जियम पर जीत के साथ की है। भारत की ओर से उप–कप्तान शारदानंद तिवारी ने दो गोल किए। निर्धारित समय में दोनों टीमें 2–2 की बराबरी पर थीं जिसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ।

****